आस्था के बीच करोड़ों की 'पूजन सामग्री' का सजा बाजार

पूजा बाजार

रांची, वरीय संवाददाता। नवरात्र को लेकर राजधानी के बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ भी जुटनी शुरू हो गई है। शुक्रवार को कलश स्थापना से लेकर महानवमी के हवन तक इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियों की खरीदारी के लिए सुबह से ही दुकानों में लोग पहुंचने लगे थे। वहीं, देर शाम तक लोग अक्षत, कपूर, धूप, जौ, नारियल, चुनरी से लेकर पीतल के दीये, घंटी और माता के श्रृंगार के सामान खरीदते दिखे। दरअसल, नवरात्र पर कपड़ा, फुटवियर के साथ-साथ पूजन सामग्री का भी बड़ा कारोबार होता है। कारोबारियों के अनुसार, नवरात्र के दौरान पूजन सामग्री, फल-फूल और व्रत में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को मिलाकर रांची में 4.50 करोड़ रुपये के कारोबार होने का अनुमान है।

तीन करोड़ रुपये की पूजन सामग्री की बिक्री: कारोबारियों के मुताबिक, एक परिवार का पूजन सामग्री और फल आदि पर औसतन 3000 रुपये खर्च होने का अनुमान है।



नवरात्र शुरू होने से पहले शुक्रवार को बाजार में पूजन सामग्री खरीदते श्रद्धालुगण।

राजधानी में 10 हजार से अधिक परिवार नवरात्र करते हैं। इस हिसाब से सिर्फ पूजन सामग्री का कारोबार तीन करोड़ से अधिक खर्च होने की संभावना है। हालांकि, परिवारों की धार्मिक परंपराओं और पूजा के स्वरूप के अनुसार खर्च में अंतर हो सकता है। सिर्फ हरमू फल मंडी में नवरात्र को लेकर प्रतिदिन फलों की आवक 2-3 गाड़ी अधिक हो जाती है। यानी करीब एक करोड़ से अधिक का फल कारोबार भी इसमें शामिल होता है।

सूखे मेवे की कीमत 15 फीसदी तक महंगे

सूखे मेवों में काजू 1000 रुपये, किशमिश 550 रुपये, बादाम 1200 रुपये, अखरोट 1400 रुपये और पिस्ता 1600 रुपये किलो है। अंजीर की कीमत 1000 से 1200 रुपये किलो तक है। कारोबारियों के अनुसार, पिछले साल तुलना में इस साल सूखे मेवे के दाम 15 रुपये से लेकर 25 प्रतिशत तक तेज हैं। व्रत रखने वाले श्रद्धालु इन वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। इन सभी को मिलाकर नवरात्र के दौरान राजधानी में करीब 4.50 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है।

रेडीमेड पूजा किट का भी राजधानी में बढ़ा चलन

बाजार में इस बार रेडीमेड पूजा किट (सभी तरह की सामग्री से सुसज्जित) भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाइन बाजार में 300 से 900 रुपये तक की नवरात्र विशेष पूजा किट उपलब्ध हैं। इनमें पूजा में इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्रियां एक साथ हैं। इससे श्रद्धालुओं को अलग-अलग दुकानों पर जाकर सामान जुटाने की जरूरत कम होती है। जानकी पूजा भंडार के विक्की कुमार ने कहा कि नवरात्र को लेकर कलश स्थापना, हवन और माता के श्रृंगार से जुड़ी सामग्रियों की बिक्री शुरू हो गई है।

पूजन सामग्री के दाम : खरीदारी को भीड़ उमड़ने को तैयार

चमेली तेल 50 ग्राम	25 रुपये	जौ	80 रुपये किलो
तिल का तेल	160 रु .लीटर	घी	200- 800 रुपये
मधु 50 ग्राम	45 रुपये	धुवन 100 ग्राम	60 रुपये
हल्दी गोटा 100 ग्राम	30 रुपये	चेला धूप	100 रुपये किलो
हल्दी चूर्ण 50 ग्राम	19 रुपये	आम लकड़ी	50 रुपये किलो
बताशा 150 ग्राम	20 रुपये	सालूक कपड़ा	30 रुपये मीटर
मिश्री 250 ग्राम	30 रुपये	पंचमेवा 100 ग्राम	60 रुपये
लांग 10 ग्राम	30 रुपये	चावल	40 रुपये किलो
इलायची 10 ग्राम	50 रुपये	कलश प्लेन	20-80 रुपये पीस
अगरबत्ती	20-50 रु .पीस	रंगीन	50-220 रुपये पीस
मोली	20 रुपये पीस	गुड़	90 रुपये किलो
सूखा धूप 12 पीस	70 रुपये	गोयठा	40 रुपये बंडल
सुपाड़ी 100 ग्राम	80 रुपये	धूपदानी	25 रुपये पीस
बाती 1 पैकेट	10 रुपये	कपूर	60-80 रुपये पैकेट
बाती धागा	20 रुपये पैकेट	तिल	200 रुपये किलो
दीया 100 पीस	100 रुपये	गड़ी गोला	600 रुपये किलो
चुनरी	5-700 रु .पीस	नारियल	40 रुपये पीस
रोड़ी सिंदूर डिब्बा	15 रुपये	आसन	80-250 रुपये
अबीर गुलाल	10 रुपये डिब्बा	नवग्रह समिधा	25 रुपये

हरमू मैदान में दो और चार पहिया वाहनों के पड़ाव की व्यवस्था को अधिक सक्रियता से करना होगा मजबूत

पंडालों के पास पार्किंग का संकट 05

रांची, प्रमुख संवाददाता। शहर में दुर्गोत्सव को लेकर पूजा आयोजकों की तैयारी अंतिम चरण में है। हरमू बाजार परिसर में पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से पिछले 52 साल से पंडाल बनाकर पूजा आयोजित की जा रही है। हालांकि हरमू चोक से लेकर पंच मंदिर तक जाम की स्थिति रहने से भक्तों को परेशानी हो सकती है।

समिति के पूजा पंडाल को देखने व मुख्य मंडप में विराजमान होने वाली देवी भगवती समेत अन्य देवताओं के दर्शन और कृपा आशीर्वाद के लिए महाषष्ठी से श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। शहर की अन्य बड़ी पूजा समिति की तरह इस कमेटी के सदस्यों को भी सड़क के किनारे जहां-तहां वाहन खड़ा किए जाने की वजह से व्यवस्था बहाल रखने में परेशानी होती है।

हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति



हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से तैयार किया जा रहा पंडाल।

आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' की ओर से दुर्गा पूजा से पहले प्रमुख पूजा पंडाल के आसपास जाम की स्थिति को लेकर की गई पड़ताल में यह बात सामने आई कि समय रहते पूजा पंडाल के बाहर हरमू चौक से पंचमुखी मंदिर तक दो और चार पहिया वाहनों को खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है। इस कारण पैदल पंडाल घूमने निकले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। पंडाल के बाहर हरमू मैदान में वाहन पड़ाव की सुविधा को और मजबूत किए जाने का प्रयास समिति की ओर से किया जा रहा है।

> दुर्गा पूजा के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु हरमू पंच मंदिर के पूजा पंडाल को देखने व मेला घूमने के लिए पहुंचते हैं। दो और चार पहिया वाहनों के पड़ाव की मजबूत व्यवस्था से सभी को काफी राहत होगी। बुजुर्ग, महिला, बच्चों को पंडाल तक पहुंचने में सुविधा होगी। समिति के सदस्य समन्वय बनाकर यातायात को बेहतर बनाएंगे।
>
> 
>
> –शशि प्रकाश वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष, हरमू पंच मंदिर श्री दुर्गा पूजा समिति



स्थानीय निवासी रागिनी वर्मा ने कहा कि पूजा पंडाल में आने वाले भक्तों के बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। सबसे बड़ा मुद्दा सड़कों पर जाम का है। इससे राहत दिलाने पर ठोस काम करना चाहिए।



स्थानीय निवासी सोनू कुमार सोनी कहा कि पूजा पंडाल तक जाने वाले मार्गों के अलावा शहर की अन्य सड़कों पर जाम नहीं लगना चाहिए। पूजा में यातायात जाम सबसे बड़ी समस्या उभरकर सामने आती है।

नदी संरक्षण को ध्यान में रख बनेगा शहरी मास्टर प्लान

रांची, वरीय संवाददाता। शहरी विकास योजनाओं में नदी संरक्षण, जल प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन को शामिल करने के लिए चडरी तालाब के पास दो दिनी राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। अधिकारियों ने कहा कि शहरी मास्टर प्लान में नदी संरक्षण, जल प्रबंधन व पारिस्थितिकी संतुलन को जगह देना जरूरी है। इसके लिए विभिन्न सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरी है। तकनीकी सत्रों में शहरीकरण से नदियों पर पड़ने वाले प्रभाव, उनसे जुड़ी चुनौतियों और शहरी नदी प्रबंधन योजना (यूआरएमपी) की रूपरेखा पर विस्तार से मंथन किया गया।

झारखंड में इस योजना की प्रासंगिकता व इसके विकास प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने समूह अभ्यास के जरिए नियोजन के लिए जरूरी आंकड़ों, उनके स्त्रोतों व व्यावहारिक उपायों की पहचान की।

कई विभागों के प्रतिनिधियों ने रखे सुझाव

कार्यक्रम में सूडा, रांची नगर निगम, जुडको, झारखंड स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधियों ने बहुविभागीय परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम में 50 से अधिक नगर नियोजकों, सरकारी अधिकारियों व शहरी विकास से जुड़े प्रतिनिधि पहुंचे। उद्घाटन सत्र में एनएमसीजी के उप महानिदेशक और एनआईयूए के निदेशक ने ऑनलाइन प्रतिभागियों को संबोधित किया।

50 अधिक नगर नियोजकों और अधिकारी पहुंचे

- रांची में दो दिनी राज्यस्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन
- शहरी विकास में नदियों की भूमिका पर किया मंथन
- एनएमसीजी के उप महानिदेशक व एनआईयूए के निदेशक ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन किया संबोधित

शहर 30

फोन हैक कर सवा लाख निकाल लिए

रांची। पुंदाग में रहने वाले सुरेंद्र कुमार को मोबाइल हैक कर साइबर अपराधी ने बचत खाता से 1.26 लाख रुपये की निकासी कर ली। मामले में सूचक की लिखित शिकायत पर साइबर अपराध थाना में केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि साइबर ठग ने पहले सूचक के मोबाइल पर एक ऐप भेजकर हैक कर लिया। इसके बाद उनके बचत बैंक खाता से क्रमवार 98 और 28 हजार रुपये की निकासी कर ली।

रांची से लापता महिला नगरऊंटारी में मिली

रांची/गढ़वा। नगर ऊंटारी पुलिस ने शुक्रवार को रांची से लापता 53 वर्षीय महिला को स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के रानी बागान निवासी महिला 8 अक्टूबर को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। महिला के लापता होने पर परिजनों ने बरियातू थाना में आवेदन दिया था।

रस्सी से गर्दन बांध मुंशी की हत्या का प्रयास

रांची। हरमू इमली चौक के पास ई-रिक्शा चालक ने किराया विवाद में शोएब अंसारी के गले में रस्सी बांधकर हत्या का प्रयास किया। इसमें विफल होने पर शोएब की पिटाई की गई, जिससे वह जख्मी हो गया। हमलावरों ने उसके मालिक के बैग से 5 हजार रुपये भी निकाल लिए। शोएब ठाकुरगांव के पतरातू का रहने वाला है। इमली चौक के पास ई-रिक्शा पर माल रख चिरौंदी ले जाने को लेकर मालिक ओमप्रकाश के साथ विवाद में हुई घटना में जख्मी हुआ। ओमप्रकाश के आवेदन पर शंकर यादव एवं उसके पिता राजा राय के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

नशे का धंधा करने वाले परिवार के 3 लोग धराये

रांची। सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर का धंधा करने वाले परिवार से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। आरोपी नीरज कुमार, अनिकेत उर्फ सीनू, सोनू कुमार रातू रोड के सुखदेवनगर इलाके के रहने वाले हैं। तीनों के खिलाफ उसी मुहल्ले में रहने वाले मुक्तेश्वर सिंह ने मारपीट कर जख्मी करने, चेन लूटने का केस दर्ज कराया था। तीनों समेत अन्य नामजद को संदेह था कि पूर्व में उसके परिवार के सदस्यों को मुक्तेश्वर सिंह के भाई राकेश सिंह ने मुखबिरी कर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कराया था।

पुरुलिया रोड में आवास के बाहर से कार चोरी

रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पुरुलिया रोड में रहने वाले विश्वराज भादुड़ी के आवास के पास से खड़ी की गई कार को चोर ले भागे। मामले में सूचक की लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि पिछले दिन जब वे अपने कमरे से बाहर निकले तो मकान की चहारदीवारी के पास खड़ी की गई कार को नदारद पाया। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज से यह पता चला कि लम्बे कद काठी के एक व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

दिसंबर में इंटक का राष्ट्रीय महाधिवेशन

रांची। इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में दिसंबर में होगा। इसमें पूरे देश से चुने गए करीब 10 हजार डेलीगेट हिस्सा लेंगे। हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के डेलीगेट का चुनाव नवंबर के अंतिम सप्ताह में कराया जाएगा। ये जानकारी हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने शुक्रवार को यूनियन की बैठक में दी। बैठक को संबोधित करते हुए लीलाधर सिंह ने बताया कि इंटक के नियमानुसार प्रत्येक 500 साधारण सदस्यों पर एक डेलीगेट का चुनाव किया जाएगा।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

e-Tender No. 4826 Date 8-10-26

अल्पकालीन ई- निविदा

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, रॉची एवं रॉची सर्जेन्सी के लिए अन्य आईटमों का क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक **29.10.2026 के अपराह्न 5.00 बजे** तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website http://jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 10.10.2026 से देखा जा सकता है। आदेशित संस्थानों अनुमोदित आईटमों को निर्धारित अविधि तक आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र website http://jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉची

PR 391434 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)_D

Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS)
(Under Rural Development Department, Govt. of Jharkhand)
1st & 2nd Floor, Central Dinning Building Ranchi Smart City Corporation Ltd.
Dhurwa, Ranchi – 834 004, Jharkhand
Email – joharjharkhandproc@gmail.com Website – www.jslps.jharkhand.gov.in

Letter No. : JSLPS/KMC-97/3787 Date : 08/10/2026

NOTICE INVITING TENDER

JSLPS invites online tenders on Government e-Marketplace (GeM) for Supply of items as per table below. Detailed bid documents are available on *Government e-Marketplace (GeM)*.

Gem Bid No.	Bid Description
GEM/2026/B/8129079	Open Competitive Bidding for Design, Print & Supply of Diary, Wall Calendars and Table Calendars for Year 2027
GEM/2026/B/8128648	Request for Quotation for Supply of Laptop & Computer Monitor

For more details, interested bidders are requested to visit the GeM portal.

Sd/-
Chief Operating Officer JSLPS

PR.NO.391457 Jharkhand State Livelihood Promotion Society(26-27):D

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–27/2026-27/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–10.10.2026

1.	कार्य का नाम	2. राशि (रू0)	3. कार्य पूर्ण की अवधि
	Proposed Construction work of MRI Building at RIMS, Ranchi	राशि रू0 **57,06,646.00** (संतावन लाख छह हजार छह सौ छियालीस) रूपये मात्र।	4 (चार) माह
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	15.10.2026 को 11:00 बजे	
5.	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	21.10.2026 को 11:00 बजे तक	
6.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।	
7.	निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान	22.10.2026 को 11:30 बजे, नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची, झारखण्ड	
8.	प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	6203309676	
9.	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या	7992430721	

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

● अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची

PR 391459 Building(26-27)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/41/2026-27**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

ग्रुप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	**RDSPL/SD/HZB /41/2026-27**	कटकमसांडी	कटकमसांडी प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय मारीगढ़ा (मांडीगढ़ा) का उन्नयन कार्य।	9988800.00	200000.00	10000.00	10 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 31.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.11.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 391482 (Rural Development) 26-27 (D)

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

सार्वजनिक सूचना

श्री रिचर्ड रोहित एक्का (883808), अधिकारी, दिनांक 02.08.2025 से ड्यूटी से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे, जिसके संबंध में अनुशासनात्मक प्राधिकारी द्वारा **संदर्भ संख्या GCO:HRM:DAC:CS:02:2026 दिनांक 05.03.2026** के माध्यम से आरोप-पत्र जारी कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई। तत्पश्चात विभागीय जांच की गई और उसे एकतरफा (Ex-parte) रूप से संपन्न किया गया।

अनुशासनात्मक कार्यवाही के निष्कर्ष के पश्चात, अनुशासनात्मक प्राधिकारी ने दंड कार्यवाही (PP) एवं अनुशासनात्मक प्राधिकारी के आदेश (ODA) संदर्भ संख्या GCO:HRM:DAC:PP:883808:2026 दिनांक 28.08.2026 के माध्यम से उन पर निम्न दंड लगाया:

"सेवा से हटाना (Removal from service), जो भविष्य में रोजगार के लिए अयोग्यता नहीं होगी।"

उक्त PP एवं ODA को उनके अंतिम ज्ञात आवासीय पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया तथा डाक ट्रैकिंग रिकॉर्ड के अनुसार इसकी डिलीवरी 08.09.2026 को हो गई। उक्त आदेश उनके ई-मेल पते पर भी 29.08.2026 एवं 04.09.2026 को भेजा गया। तथापि, आज की तारीख तक बैंक को उनकी ओर से कोई पावती अथवा कोई पत्राचार प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः इस संबंध में अतिरिक्त सूचना के रूप में वर्तमान प्रकाशन किया जा रहा है।

सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार

केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, गुवाहाटी – 781022
ई-मेल: guwahatico@canarabank.com एवं dacellcoguw@canarabank.com
फोन: 0361-2334002

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of theGeneral Manager,
Transmission Zone-VI, Deoghar
E mail-Id :- gmtz6deoghar@gmail.com

Tender Cancellation Notice

Due to unavoidable circumstances NIT No. 251/PR/JUSNL/2026-27 is hereby cancelled.

PR No. 381876

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone –VI, Deoghar

PR 391452 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (26-27) D"

पंजाब नैशनल बैंक Punjab National Bank
....भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon !

Co-SAM विभाग, 5वां तल, नाइल कॉम्प्लेक्स, एच.बी. रोड, कांटाटोली, रांची - 834001 फोन: 9431427385, ई-मेल: coransamd@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्त्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि / B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार / D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मुल्य (रू0 लाख में) / B) इएमडी / C) बोली वृद्धि राशि / D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	**शाखा कायार्लय : जमशेदपुर** (006320) **मैसर्स एस.जे. ट्रेडर्स, प्रो. मुकुल सिंह** R/o घोड़ा चौक, शांति होटल के पास, जुगसलाई, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम – 831006 **गौरव आनंद, पिता: अशोक कुमार** R/o अशोक टॉवर, फेज I, ओल्ड पुरुलिया रोड, कुंवर बस्ती, काली मंदिर, मानगो, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम – 831006 **राज कुमार, पिता: स्वर्गीय सुदामा प्रसाद** R/o रोड नं. 4, बागबेड़ा कॉलोनी, शिव मंदिर के पास, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम – 831011 **राकेश कुमार सिंह, पिता: महेंद्र प्रताप सिंह** R/o मानगो गुरुद्वारा रोड, मानगो, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम – 831012	ओल्ड पुरुलिया रोड पर स्थित "**अशोका टॉवर**" के नाम से प्रसिद्ध भवन के भूतल पर स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर के सभी भाग, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट है, जिसमें कमरे, हॉल, लैट-बाथ शामिल हैं तथा 250 वर्ग फीट भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा, 100 वर्ग फीट का एक खुला कार पार्किंग स्थल, सभी लाभों, विशेषाधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के साथ, साथ ही उसमें प्रदान किए गए सामान्य स्थान, रास्तों आदि के उपयोग के अधिकार सहित; जो मौजा पारडीह, थाना मानगो, थाना संख्या 1641, वार्ड संख्या 8 (एमएनएसी) में स्थित है, नया खाता संख्या 198 के तहत दर्ज नया प्लॉट संख्या 3928 का हिस्सा, जिला अवर-निबंधन कार्यालय एवं शहर जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, राज्य झारखंड के अंतर्गत, गौरव आनंद के नाम पर बिक्री विलेख (सेल डीड) संख्या 6883/8261, दिनांक 08.09.2010 के तहत पंजीकृत है। संपत्ति की **चौहद्दी इस प्रकार है :** उत्तर: खाली क्षेत्र, अशोका टॉवर की चारदीवारी, दक्षिण: अशोका टॉवर का खाली क्षेत्र, पूर्व: अशोका टॉवर की दुकान, पश्चिम: पार्किंग क्षेत्र और रास्ता	A) 01.10.2021 B) Rs. 21,43,569.21 + further interest C) 23.09.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 23,22,000.00 B) Rs. 2,32,200.00 C) Rs 50,000.00 D) PUNB67942144	27.10.2026 11:00 AM to 04:00 PM
02	**शाखा कायार्लय : महावीर चौक** (109100) **धर्मेंद्र कुमार** **धर्मेन्द्र कुमार,** पिता- राम प्रवेश गुप्ता, निवासी- फ्लैट नं. 601, स्वर्णरेखा अपार्टमेंट, विष्णुपुरी मार्ग, बर्दवान कम्पाउंड, रांची- 834001 **धर्मेन्द्र कुमार,** पिता- राम प्रवेश गुप्ता, दुकान नं. 101, समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज, रांची- 834001	एक वाणिज्यिक दुकान इकाई सं. **101** के सभी भाग है। उक्त बहुमंजिला वाणिज्यिक भवन परिसर अर्थात् **"समृद्धि स्क्वायर"** के प्रथम तल में लगभग 346 वर्गफीट में सामान्य और सभी सुविधाएं, भवन के अनुलग्नक में सामान्य उपयोग, संयुक्त अविभाजित, निष्पक्ष हिस्सेदारी के साथ खुली भूमि अर्थात अनुसूची 14409 वर्गफुट में से 152 वर्गफुट भूमि, एम.एस. प्लॉट सं. 1225 का हिस्सा है, सब प्लॉट सं. 1225/भाग के रूप में चिह्नित किया गया है, जो नए वार्ड सं. 30 में नगरपालिका होल्डिंग सं. 552, 552/A, 553 में शामिल है, रांची नगर निगम, रांची मौजा रांची, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, थाना सुखदेवनगर, थाना सं. 205, रांची, झारखंड में बिक्री विलेख सं. 2555/2178 दिनांक 28.04.2017 के तहत स्थित है।	A) 12.09.2022 B) Rs. 13,47,604 + Further Interest C) 24.11.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs 47,60,800.00 B) Rs 4,76,080.00 C) Rs 1,00,000.00 D) PUNB4WX1036 5986	27.10.2026 11:00 AM to 04:00 PM

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।

01. सम्पत्तियों को **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलमी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **27.10.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 26.10.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

तिथि : 08.10.2026
स्थान : जमशेदपुर | रॉची

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता